विषय

(१६) देहली की "कोठी" (पद्य) [चतुर्वेदी द्वारका-
प्रसाद शर्मा ... ...
(१७) विदुर नीति (पद्य) [बा० गोपालचन्द्र ...
(१८) सत्यहरिश्चन्द्र (नाटक) [भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र
(१९) सीता का दूसरा वनवास (पद्य) ["मिश्रबन्धु"
(२०) हिन्दुस्थान की सुरंगें (पद्य) [आश्चर्य सप्तदशी से

रक्षा करो अविद्या टारो ।
शुद्ध सुमति दो हमें सुधारो ॥ ४ ॥
हम सब शरण तुम्हारी आये ।
शान्ति मिलन की आस लगाये ॥
हे भगवान हृदय में आओ ।
हम सब का विज्ञान बढ़ाओ ॥ ५ ॥
अपनी आज्ञा का अनुगामी
बना लीजिए अन्तर्यामी ॥
हे गुणेश ! गुण ज्ञान बढ़ाओ ।
हमको दास तात अपनाओ ॥ ६ ॥
सकल कामना करो हमारी ।
दो विवेक विद्या बल भारी ।
कृपा करो हम पर सुखकारी ।
जिससे सुधरे दशा हमारी ॥ ७ ॥
हमने अभी प्रतिज्ञा कर ली ।
यह ध्वनि मन-मन्दिर में भर ली ।
अब न कभी हम पाप करेंगे ।
तन मन वचनों से सुधरेंगे ॥ ८ ॥

(कविताविनोद से)

किया। हम जानते हैं कि किस प्रकार अनेक विघ्न बाधाओं को सहकर कितने ही दिनों तक भयानक कष्टों और आपत्तियों को झेल कर जनता ने क्रमशः अपनी उन्नति की है जिसका फल यह हुआ है कि प्रत्येक सभ्य देश के गरीब आदमी अपने पुरखों की अपेक्षा अधिक सुख चैन से हैं। हम जानते हैं कि किस प्रकार संसार की अनेक क्रूर और धर्मभावशून्य जातियां बौद्ध धर्म ग्रहण करने को तैयार हुई किस प्रकार बौद्ध धर्म का प्रभाव और प्रचार बढ़ा तथा उससे मनुष्यों को रहन सहन में कितना गुणपरिवर्तन हुआ। पुस्तकों से हम देखते हैं कि किस प्रकार ज्ञान और शक्ति एक जाति से निकल कर दूसरी जाति में जाती है। उससे यह भी पता लगता है कि किन किन कारणों से और किन किन दशाओं में पतन होता है। भारतवर्ष, फारस, काबुल, मिश्र, यूनान, रोम जो अब नाम ही नाम को रह गए हैं, कल्पना में जिनके प्रताप और महत्त्व की धुंधली छाया मात्र शेष रह गई है, पुस्तकों द्वारा वे हमारे अपने यथार्थ रूप में प्रकट होते हैं और हम उनकी यथार्थ स्थिति को समझने में समर्थ होते हैं। इन प्राचीन देशों की ओर जब हम ध्यान देते हैं तब हम दिनों के फेर को सोचते हैं, भाग्य की चंचलता को सोचते हैं और व्यक्ति के जीवन-क्रम और एक जाति के भाग्य-क्रम के बीच जो विलक्षण समानता है उस पर विचार करते हैं। एक धार्मिक उपदेशक कहते हैं कि "चाहे एक व्यक्ति को लो चाहे एक जाति को लो, स

शोभा बरसता था, गोमती के किनारे छत्तरमंज़िल शाहनजफ़ आदि को देख आंखों में चकाचौंध होती थी नादिरशाह के आक्रमण के समय मोहम्मदशाही में दिल्ली की जो रौनक़ थी, वह फिर कभी काहे को दिखाई देगी। जिस समय महमूद ने हिन्दुस्तान की ओर यात्रा की उस समय फूट आदि के कारण हिन्दुओं की राजनैतिक शक्ति विशृंखल क्षीण हो चुकी थी पर मथुरा सोमनाथ आदि तीर्थ स्थानों का ठाट बाट और वैभव वर्णन के बाहर था। जिस समय बादशाह बेलशाज़र अपने विशाल भवन में बैठा हुआ दीवार पर अपने भाग्यलेख को पढ़ रहा था और विजयी पारसियों की विजय-दुंदुभी का तुमुल शब्द सुन रहा था उस समय बाबुल की शोभा अपनी पराकाष्ठा को पहुँच चुकी थी।

इतिहास की पुस्तकों से पाठकों को एक अत्यन्त अनमोल शिक्षा मिलती है। मनुष्य-जाति के मामलों में परमेश्वर किस प्रकार समय समय पर हाथ डालता है वे स्पष्ट देखते हैं। पर आधुनिक कोटि के इतिहासवेत्ता इस बात को देख कर भी इससे अनभिज्ञ बनते हैं। वे प्रत्येक कार्य या घटना के कारण का पता विकास सिद्धान्त अथवा निष्कल्पित नियमों द्वारा लगाने का दम भरते हैं। पर यह बात ऐसी प्रत्यक्ष है कि इस पर धूल नहीं डाली जा सकती। यह संसार के इतिहास में अमिट अक्षरों में अंकित है। थोड़ा उन घटनाओं पर ध्यान दीजिए जिनके सहारे छत्रपति महाराज शिवाजी एक

यूरोप काँप उठा था, पर सच पूछिए तो भीतर ही भीतर उसके विनाश के सामान इकट्ठे हो रहे थे। औरंगजेब के राजत्व काल में मोगल साम्राज्य अपने पूर्ण विस्तार को पहुँच गया था, पर इतिहासविज्ञ मात्र जानते हैं कि वह वास्तव में उसके खंड खंड होने का आयोजन मात्र था। जिस समय महाराज पृथ्वीराज दिल्ली के राजसिंहासन पर थे उस समय राजपूतों की शक्ति पराकाष्ठा को पहुँची जान पड़ती थी, पर देखते ही देखते वह शक्तिविहीन हो गई और हिन्दू साम्राज्य का अन्त हो गया।

इतिहास की उस अस्थिरता का, जिसका परिज्ञान हमको पुस्तकों द्वारा होता है, एक और भी दृष्टान्त दिया जा सकता है। विद्याभ्यासी युवक यदि संसार की बड़ी राजधानियों के इतिहास को उनके राज्यों के इतिहास से मिलान करेंगे तो उन्हें ज्ञान पड़ेगा कि एक ओर तो उन राज्यों की शक्ति क्रमशः क्षीण हो रही थी, दूसरी ओर उन राजधानियों की शोभा पूर्ण समृद्धि को पहुँची दिखाई पड़ती थी। जब अवध के नवाबों का प्रताप प्रस्थान कर चुका था, जब वे अपने राज्य की स्थिति के लिये दूसरी राजशक्ति का मुँह ताकने लगे थे, जब उनमें अपना बल कुछ भी नहीं रह गया था, जब क्षमताहीन विलासपरायण वाजिदअली शाह सहस्रों रमणियों से घिरे हुए मोतियों की राख फाँकते थे, उस समय लखनऊ के जोड़ का और दूसरा नगर भारतवर्ष में नहीं था। वहाँ आठों पहर

सोना बरसता था, गोमती के किनारे छत्रमंजिल शीशमहल आदि को देख आँखों में चकाचौंध होती थी नादिरशाह के आक्रमण के समय मोहम्मदशाही में दिल्ली की जो रौनक थी, वह फिर कभी कहीं को दिखाई देगी। जिस समय महमूद ने हिन्दुस्तान की ओर यात्रा की उस समय फूट आदि के कारण हिन्दुओं की राजनैतिक शक्ति विशकुल क्षीण हो चुकी थी पर मथुरा सोमनाथ आदि तीर्थ स्थानों का ठाट बाट और वैभव वर्णन के बाहर था। जिस समय बादशाह बेलशाजर अपने विशाल भवन में बैठा हुआ दीवार पर अपने भाग्यलेख को पढ़ रहा था और विजयी पारसियों की विजय-दुंदुभी का तुमुल शब्द सुन रहा था उस समय बाबुल की शोभा अपनी पराकाष्ठा को पहुँच चुकी थी।

इतिहास की पुस्तकों से पाठकों को एक अत्यन्त अनमोल शिक्षा मिलती है। मनुष्य-जाति के मामलों में परमेश्वर किस प्रकार समय समय पर हाथ डालता है ये स्पष्ट देखते हैं। पर आधुनिक कोटि के इतिहासवेत्ता इस बात को देख कर भी इससे अनभिज्ञ बनते हैं। ये प्रत्येक कार्य या घटना के कारण का पता विकास सिद्धान्त अथवा निश्चलित नियमों द्वारा लगाने का दम भरते हैं। पर यह बात ऐसी प्रत्यक्ष है कि इस पर धूल नहीं डाली जा सकती। यह संसार के इतिहास में अमिट अक्षरों में अंकित है। थोड़ा उन घटनाओं पर ध्यान दीजिए जिनके सहारे छत्रपति महाराज शिवाजी

बड़े साम्राज्य के संस्थापक हुए थे और देखिये कि किस प्रकार ये दैव प्रेरित जान पड़ती हैं"। भारत के इतिहास में मगध का श्रेष्ठ राजवंश प्रसिद्ध है। इनके शूद्र संस्थापक ने कप्य वंश के अंतिम राजा को धोखे से मार कर मगध का राजसिंहासन प्राप्त किया था। इस वंश का राज्य बहुत दिनों तक नहीं चला। इसका अंतिम राजा पुलोम गंगा में डूब कर मरा। फिर वही दशा इस वंश की हुई जो इसके संस्थापक ने कप्य वंश की की थी पुलोम का सेनापति राजदेव राजा बन बैठा। पर उसे इसका ठीक ज्यों का त्यों प्रतिकार ईश्वर की ओर से मिला, इसका सेनापति प्रतापचंद्र उसे गद्दी पर से हटा कर राजा हुआ। इस प्रकार यह प्रतिकार-परम्परा शताब्दियों तक चली और एक सेनापति के पीछे दूसरा सेनापति राजा बनता रहा। ये सेनापति राजा इतिहास में श्रेष्ठ भृत्य के नाम से प्रसिद्ध हैं"। देश द्रोही जयचंद ने द्वेष से प्रेरित होकर पृथ्वीराज की शक्ति को ध्वस्त करने की कुटिल कामना से मुसल्मानों को बुलाया, पर बहुत दिन यह अपने इस घोर पाप का सुख न भोग सका। दो ही वर्ष के भीतर उसी सेना ने, जिसे उसने अपने देश भाइयों का रक्त बहाने के लिए बुलाया था उसको रणभूमि में सुला कर उसका सर्वस्व हरण किया और द्रोह का भयंकर परिणाम भारतवासियों को दिखला दिया। भारतवासियों की धर्मप्रवृत्ति का बौद्ध धर्म द्वारा जो संस्कार हुआ उसे देखने से स्पष्ट झलकता है कि किस प्रकार

मनुष्यों के आचार-व्यवहार और राजनीति में अनुकूल परिवर्त्तन उपस्थित करने के लिए परमात्मा की प्रेरणा से एक नई शक्ति खड़ी हो जाती है। जिस समय भारतवासी अपना सारा धर्म-पुरुषार्थ वैदिक कर्मकांड की जटिल क्रियाओं में समझने लगे थे उस समय उन्हें परोपकार और दया धर्म की ओर फिर से प्रवृत्ति देने के लिये भगवान् बुद्ध का अवतार हुआ। अग्निष्टोम, वाजपेय, दर्शपूर्णमास आदि का जितना फल समझा जाता था उतना ही फल कुआ तालाब खुदवाने, बाग़ लगाने आदि का भी समझा जाने लगा। यह ठीक है कि परमात्मा का विस्तृत उद्देश्य कभी कभी हमारे संकुचित उद्देश्य से भिन्न होता है जिससे हमारे मन में अनेक प्रकार की शंकाएँ उठती हैं। हम जैसा होना न्याय समझते हैं वैसा होते न देख ईश्वर के विषय में अनेक प्रकार के संदेह करने लग जाते हैं। पर यदि विचार कर देखिए तो इतिहास में चारों ओर परमेश्वर की प्रेरणा का आभास मिलता है। कितनी छोटी छोटी बातों से संसार में कितने बड़े बड़े परिवर्त्तन उपस्थित हुए हैं, यह प्रत्येक इतिहासविज्ञ मनुष्य को विदित है। जहाँ एक शक्ति का पतन और नाश होता है वहाँ दूसरी शक्ति का उदय और उत्थान होता है। अव्यवस्था के उपरान्त व्यवस्था स्थापित होती है, अंधेर के पीछे सुनीति का सञ्चार होता है, दुर्बलता के पीछे बल आता है। बड़े बड़े प्राचीन राज्यों के खंडहरों की ईंटों को जोड़ बटोर कर

का अधिक बल पैसा महान साम्राज्य खड़े होते हैं। मिश्र, काबुल, फारस [illegible] से यूनान की सभ्यता का [illegible] यूनान [illegible] शक्ति से रोम राज्य खड़ा हुआ [illegible] यूरोप की आधु-निक [illegible] हुई।

[illegible] थोड़ा मोगल बादशाह [illegible] ध्यान देना चाहिए। [illegible] की चरम सीमा को पहुंचा [illegible] की योद्धा पुरुष [illegible] लिये बढ़ रहा था। [illegible] सिक्खों एक महा-शक्ति ने [illegible] दिया। औरंग-[illegible] मात्र थी। [illegible] पहुंच गई और [illegible] शक्ति ने अपने हाथ में [illegible] गुरु गोविन्दसिंह ने सिक्खों को इस [illegible] दिया जिससे सारे पंजाब पर सिक्ख का डंका बजाकर अफगानिस्तान में पठानों का [illegible] दिया। [illegible] सारे यूरोप के [illegible] करने को [illegible] लेकर रूस की ओर बढ़ा [illegible] इस समय उसको [illegible] हुई। उसके सामने [illegible] और [illegible] में [illegible], न आगे [illegible]

भूख और प्यास से तड़प तड़प कर अपने प्राण दिए और वह अपना सा मुंह लेकर बड़ी कठिनता से लौट सका।

पढ़ने से और और जो लाभ हैं उन में से कुछ थोड़े में कहना चाहता हूं। अध्ययन के द्वारा हम घर बैठे बड़े बड़े धुरंधर विद्वानों के गम्भीर विचारों को जान सकते हैं, संसार के प्राचीन महापुरुषों के सत्सग का लाभ उठा सकते हैं। अध्ययन द्वारा हम ज्ञान के अंत तक बराबर पहुंच सकते हैं। चाहे ज्ञानदाता जिस स्थान पर हो और जिस काल में हुआ हो। इस विषय में दिक् और काल कोई बाधा नहीं डाल सकते। अध्ययन के द्वारा हम वाल्मीकि, व्यास और गौतम से उतने ही परिचित हो सकते हैं जितने उनके समकालीन थे। अध्ययन हमें भारतवर्ष के अतुल ज्ञान भांडार से संतुष्ट करा सकता है, यूनान रोम आदि की विचारपरम्परा से परिचित करा सकता है। अरब फ़ारस आदि की भावुकता का अनुभव करा सकता है। भवभूति को हम मृत कैसे समझें जब कि वह 'उत्तर रामचरित' द्वारा हमें अपनी मधुर वाणी सुना रहे हैं। क्या कालिदास के लिये उज्जयिनी में सिप्रा के किनारे जाकर हमारा आंसू बहाना ठीक है जब कि अपने अलौकिक काव्य द्वारा वे हमारे सामने उपस्थित हैं। थोड़ा सोचिए तो कि इससे बढ़कर आनंद और क्या हो सकता है कि हम अपनी कोठरी में ऐसे ऐसे साथियों को लिए आराम के साथ बैठे हैं जैसे कालिदास, भवभूति, चन्द्रबरदाई,

तुलसी, रहीम। हमारा जब जी घबड़ाता है तब हम जायसी की कहानी सुनकर अपना समय काटते हैं, जब मन में आता है अन्धे सूर के प्रेम और चतुराई से भरे पद सुनकर रसमग्न होते हैं, कभी कल्पना में चित्रकूट के घाट पर बैठे राम लक्ष्मण का दर्शन करते हुए गोस्वामी तुलसीदासजी की गम्भीर गिरा से अपने उद्विग्न मन को शांत करते और मर्यादापुरुषोत्तम भगवान रामचन्द्र का चरित्र देख पुलकित होते हैं। एक कोने में कबीर अपनी टेढ़ी बानी और 'शब्द साखी' द्वारा पंडितों और मुल्लाओं को फटकारते बैठे हैं। कहीं बौद्धों से झगड़ते झगड़ते थक कर सिर पर हाथ दिए अद्वैतवादी शंकराचार्य संसार को मिथ्या बतला रहे हैं, कहीं भूषण जी मरहठों के बीच बैठे अन्याय-दमन की उत्तेजना दे रहे हैं। इसी प्रकार की एक भारी मंडली जहाँ लगी हुई है वहाँ और कोई साथी न रहे तो क्या!

पुस्तकों द्वारा किसी महापुरुष को हम जितना जान सकते हैं उतना उसके मित्र तथा पुत्र कलत्र भी नहीं जान सकते। चाणक्य पर जितना उसके पाठक विश्वास करते हैं उतना उसके समय के लोग न करते रहे होंगे, उसकी बात चीत में ये खरी खरी बातें आती रही होंगी जो उसके लेखों में आती हैं। ग्वाल आदि शृंगार के कवियों से पाठकों के चरित्र और भाव जितने दूषित हो सकते हैं उतने उनके पास बैठने वालों के न होते रहे होंगे। जो ग्रन्थकार अपने जीवन-

…न में आसपास के लोगों से मिलने जाने में बहुत संकोच …रते थे, अध्ययनशील पुरुषों के निकट एकान्त में वे अपनी …स्तकों द्वारा अपने हृदय के सारे भावों को बेधड़क खोल कर …रख कर देते हैं। उनकी पुस्तकों द्वारा हम उन्हें पूर्णरूप से …जानते हैं, उनकी सारी बातें हमारी समझ में आ जाती हैं, कोई …बात छिपी नहीं रहती। चाणक्य के महत्त्व को जितना हम …आजकल के लोग समझ सकते हैं उतना उनके समकालीन …लोग नहीं समझ सकते थे। वे उनके गुण व दोष या …उनकी स्थिति के पूर्ण रूप को नहीं देख सकते थे। यदि किसी …पर्वत के आकार और विस्तार को पूर्ण रूप से देखना चाहो …तो तुम्हें उससे कुछ दूर जाकर खड़ा होना होगा। इसी प्रकार हम उनसे २००० वर्ष पीछे रह कर उनके "अर्थशास्त्र" और "नीति" द्वारा तथा इतिहास में उनकी कृतियों को देख उनकी बुद्धि की गम्भीरता और तत्परता का पूर्ण अनुमान और उनके चमत्कार युक्त आदर्श राज्य की भावना का पूरा अनुभव कर सकते हैं।

जो विचारशील पुरुष पढ़ता है और पुस्तकों से प्रेम रखता है, संसार में उसकी स्थिति चाहे कितनी ही बुरी हो, उसे साथियों का अभाव नहीं खल सकता। उसकी कोठरी में सदा ऐसे लोगों का वास रहेगा जो अमर हैं। वे उसके प्रति सहानुभूति प्रकट करने और उसे समझाने के लिये सदा प्रस्तुत रहेंगे। कवि, दार्शनिक और विद्वान् जिन्होंने न तो

घोर प्रयत्नों द्वारा प्रकृति के रहस्यों का उद्‌घाटन करके शान्ति और सुख का तत्त्व निचोड़ा है, बड़े महात्मा जिन्होंने आत्मा के गूढ़ रहस्यों की थाह लगाई है सदा उनको सुनने तथा उन की शंकाओं का समाधान करने के लिये उद्यत रहेंगे। यदि पाठक चाहें तो उनमें से प्रत्येक व्यक्ति उसको तुच्छ चिंताओं से मुक्त करके ऐसी भावमयी सृष्टि में ले जाने के लिए तैयार रहेगा जहां सांसारिक प्रपञ्चों का लेश नहीं। चाहे कितनी घोर निस्तब्धता हो उसे प्रकृति का मधुर और रहस्य पूर्ण संगीत कानों में पड़ेगा, कोमल और गम्भीर वचन सुनाई पड़ेगा। कालिदास अपनी अलौकिक प्रतिभा के बल उसे मेघ के साथ अलकापुरी में पहुंचावेंगे, जहां—

नित पौन के पेरे किते बहु बादर घूमत घूमत आवत हैं।
जल बूंदन को बरसा करिके अंगनान के चित्र मिटावत हैं॥
भयभीत से फेरि झरोखन ह्वै सिमिटे तन बाहर धावत हैं।
कढ़ि जात को बेगि धुआं बनि के बड़े चातुर येहू कहावत हैं॥

अथवा भवभूति के साथ जाकर उस दंडक वन में थोड़ा विश्राम पावेंगे, जहां—

कहुं सुन्दर घनश्याम कतहुं धारे छवि घोरा।
कहुं गिरि कोहन गूंजि, बढत झरनन कर सोरा।
सुनसान कहुं गम्भीर बन कहुं, सारे बनपशु करत हैं।
कहुं लपटि निसरत सुत अजगर सांस सन तरु जरत हैं।

ारि मोह महँ मनु उलझे, कहुँ बुद्ध ध्यान लगाए हैं ।
हि भेद गिरगिट पियत जहँ जब प्यास लग पकरात हैं ॥

तुलसीदास उसे अपने साथ गंगा उतर कर वन की ओर
ाते हुए राम लक्ष्मण को दिखायेंगे जिनके अलौकिक
ौन्दर्य के कारण—

ाँव गाँव अस होइ अनंदू । देख भानुकुल कैरव चंदू ॥
ो यह समाचार सुनि पावहिं । ते नृपरानिहि दोष लगावहिं ॥

ौर कहते हैं—

ान्द मुनि वन पंथ पहारा । जहँ जहँ नाथ पाँव तुम धारा ॥
ाय बिहँग मृग काननचारी । सफल-जनम भे तुम्हहिं निहारी ॥
ुम सब धन्य सहित परिवारा । दीख दरस भरि नयन तुम्हारा ॥

जायसी उसे कलिंग देश में ले जाकर जहाज़ पर चढ़ायेगा ौर राजा रत्नसेन के साथ सिंहलद्वीप में उतार कर प्रेमपथ ा माधुर्य और त्याग दिखायेगा, फिर चित्तौरगढ़ लाकर िता पर बैठी पद्मावती (पद्मिनी) के सतीत्व की अद्भुत ीप्ति का दृश्य सम्मुख करेगा । चंदबरदाई उसे प्राचीन काल े शूर सामन्तों की मान और मौक झोंक दिखायेगा । इस कार विद्याभ्यासी पुरुष बड़े बड़े लोगों की प्रतिमा से अपने ावों को पुष्ट करेगा । प्रत्येक युग और प्रत्येक देश के महान् पुरुष उसके सामने हाथ बांधे इस प्रकार खड़े रहेंगे जिस प्रकार [illegible] के आह्वान पर देवता उपस्थित होते हैं ।

पढ़ते समय हमें विद्वान् और प्रतिभाशाली पुरुषों के

...नुसार कार्य करना, दूसरों की अधीनता स्वीकार करना ...र्थिभावी पुरुषों को बड़ा कड़ुवा ज्ञात पड़ता है। ऐसे अवसर ...र यदि वे इस बात का स्मरण करें तो बहुत ही अच्छा है ...क संसार में जितने बड़े बड़े विजयी हुए हैं वे आज्ञा मानने ...ऐसे ही तत्पर थे जैसे आज्ञा देने में। बहुत से ऐसे अवसर ...आते हैं जब सत्य के मार्ग पर स्थिर रहने को उचित हठना ...में नहीं सूझती और हम परवश आधीन हो आकर काम ...रना चाहते हैं। ऐसे अवसरों पर इसी विचार को इस ...लोकोक्ति का स्मरण करना चाहिए—

बिना विचारे जो करै, सो पाछे पछिताय।
काम बिगारै आपनो, जग में होत हँसाय॥

अस्तु, पढ़ने का एक लाभ तो यह हुआ कि उससे हम समय पड़ने पर शिक्षा, उत्साह और शांति प्राप्त कर सकते हैं। ...सके द्वारा हमें ऐसे ऐसे अस्त्र प्राप्त होते हैं जिन्हें लेकर जीवन ...के जीवन संग्राम में हम अपने को पार लगा सकते हैं। उससे हमें ...उत्तम और उत्कृष्ट विचारों का आभास तथा उत्तम कार्यों में ...उत्तेजना मिलती है। एक बार एक सरदार ने राजा की इच्छा ...के विरुद्ध कोई उचित और न्यायसंगत कार्य करने के निमित्त ...में दूसरे सरदार से परामर्श करते हुए कहा—"यह महाराज, ...राजाओं का कोप आप जानते हैं, मृत्यु सामने रक्खी है।" ...दूसरे सरदार ने यह उत्तर दिया—"तब तो मुझमें और आप ...में केवल इतना ही अन्तर है कि मैं आज मरूँगा और आप

कल ।" इस 'अप्रिय गर्भित' वाक्य से किसका उत्साह नहीं बढ़ेगा, किसका चित्त नहीं दृढ़ होगा? कोई छोटा है या बड़ा, यह कोई बात नहीं, मुख्य बात यह है कि जो जिस श्रेणी में है वह उसके धर्म का पालन करता है या नहीं। साधारण विद्या बुद्धि का मनुष्य भी यदि मर्यादा का ध्यान रखते हुए धर्मपूर्वक अपना कार्य करता जाय तो वह उसी प्रकार सफलमनोरथ हो सकता है जिस प्रकार कोई बड़ा बुद्धिमान मनुष्य । इस विषय पर मुझे बहुत कहने की आवश्यकता नहीं । पढ़ने का बड़ा भारी और अलभ्य लाभ यह है कि उससे चित्त, शुद्ध भावनाओं और प्रौढ़ विवेचनाओं से पूर्ण हो जाता है । जब कभी जी चाहे मनुष्य चुपचाप बैठ जाय और जो कुछ उसने पढ़ा हो उसका चिंतन करते हुये उपयोगी और आनंदप्रद विचारों की धारा में मग्न हो जाय, इसके लिये उसे किसी प्रकार के बाहरी आधार की आवश्यकता नहीं । खाली बैठे रहने के समय—जैसे रेल नौका आदि की यात्रा में—हमारे लिये यह एक अच्छा लाभकारी मानसिक व्यायाम रक्खा हुआ है कि हम किसी अच्छे ग्रंथकार की कोई पुस्तक उठालें और उसकी बातों को, उसकी चमत्कारपूर्ण युक्तियों को तथा उसके मनोहर दृष्टान्तों को, हृदय में इस क्रम से धारण करते जाँय कि जब अवसर पड़े तब हम उन्हें उपस्थित कर सकें । हृदय का यह भंडार ऐसा होगा जो कभी खाली न होगा, दिन दिन बढ़ता जायगा । इस प्रकार हृदय में संचित किए हुए भाव

और दृष्टान्त मोतियों के समान होंगे जिनकी आभा कभी नष्ट या क्षीण नहीं होती।

—हिन्दी-गद्यपद्य-संग्रह से

प्रश्न

(१) अध्ययन से क्या क्या लाभ है ?
(२) पढ़ने के एक दो लाभ संक्षेप में लिखो।
(३) इतिहास के पढ़ने से क्या शिक्षा मिलती है ?
(४) "कहुं सुन्दर घनश्याम" "रहरात है" इस पद का अर्थ लिखो।

१—कबीर के दोहे।

कबिरा प्रेम न चाखिया, चाखि न लीया साय।
सूने घर का पाहुना, ज्यों आवे त्यों जाय ॥ १ ॥
बिरह भुअंगम तन बसै, मंत्र न लागे कोइ।
राम वियोगी ना जिये, जिये तो बौरा होइ ॥ २ ॥
पूत पियारो पिता को, गौहन लागा धाइ।
लोभ मिठाई हाथ दे, आपन गया भुलाइ ॥ ३ ॥
क्या कमंडल भर लिया, अज्जर निरमल नीर।
तन मन जोबन भरि पिया, प्यास न मिटी शरीर ॥ ४ ॥
आस एक जिय राम की, दूजी आस निरास।
पानी माहीं घर करै, ते भी मरे पियास ॥ ५ ॥
ढोल दमामा दुड़बड़ी, सहनाई संग भेरि।
अवसर चले बजाइ करि, है कोई राखै फेरि ॥ ६ ॥

यह तन तो सब बन भया, कर्महि भये कुल्हारि।
आपहि आप को काटिहैं, कहै कबीर बिचारि ॥ ७ ॥
उतते कोइ न आवई, जा सों पूछूँ धाइ।
इत ते सबै पठाइए, भार लदाइ लदाइ ॥ ८ ॥
आगा जीव जग मरै, लोग मरी मरि जाइ।
कोइ गुरु धन संचलै, सो उबरै जो आय ॥ ९ ॥
कबिराई संसार की, झूठी माया मोह।
जेहि घर जिता बधावना, तेहि घर तिता अँदोह ॥ १० ॥
स्वामी होना सो रहा, दूरा होना दास।
गाडर आनी ऊन को, बाँधी चरै कपास ॥ ११ ॥
कलि का स्वामी लोभिया, पीतल धरी खटाइ।
राजा दुवारा यौं फिरै, ज्यों हरिआई गाइ ॥ १२ ॥
कलि का स्वामी लोभिया, पीतल धरी बधाइ।
देई पैसा ब्याज को, लेखा करता जाइ ॥ १३ ॥
कबिरा इस संसार को, समझाऊँ कै बार।
पूछ जो पकड़ै भेड़ का, उतरा चाहै पार ॥ १४ ॥
पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।
एकै आखर पीव का, पढ़ै सो पंडित होय ॥ १५ ॥
एक कनक अरु कामिनी, विषफल किए उपाय।
देखे ही तें विष चढ़ै, खाए...

मूरख मन म
अरही लीजै

काजल केरी कोठरी, काजल ही का कोट।
बलिहारी ता दास की, रहै राम की ओट ॥ १८ ॥

सन्त न छाँड़े सन्तई, कोटिक मिलें असन्त।
चन्द भुवंगम बैठियो, सीतलता न तजन्त ॥ १९ ॥

कबिरा खालिक जागिया, और न जागै कोय।
जागै विषयी विष भरा, दास बन्दगी होय ॥ २० ॥

कबिरा हरदी पीअरी, चूना उज्जर भाइ।
राम सनेही यों मिले, दूनौं बरन गँवाइ ॥ २१ ॥

मूआ मूआ क्या करै, कहा सुनावै लोग।
मौंड़ा गाड़ि जिन मुरदिया, सोई पूरन जोग ॥ २२ ॥

जाको जेता निरमया, ताको तेता होय।
रत्ती घटै न तिल बढ़ै, जो सिर कूटै कोय ॥ २३ ॥

चन्द मुआ रोगी मुआ, मुआ सकल संसार।
एक कबीरा ना मुआ, जिनके राम अधार ॥ २४ ॥

जो ऊगा सो अथाइहै, फूला सो कुम्हिलाय।
जो चिनिया सो ढहि परै, जो आया सो जाय ॥ २५ ॥

- केरा बुदबुदा, ऐसी हमरी जात।
दिना छिपि जाहिगे, तारे ज्यों परभात ॥ २६ ॥

अचंभा देखिया, हीरा-हाट बिकाय।
हारे बाहिरा, कौड़ी बदलै जाय ॥ २७ ॥

यह तन तो सब बन भया, कर्महिं भये कुल्हारि।
आपहि आप को काटिहैं, कहै कबीर विचारि ॥ ७ ॥
उनते कोइ न आवई, जा सों पूछूँ धाइ।
इत ते सबै पठाइए, भार लदाइ लदाइ ॥ ८ ॥
आसा जीए जग मरै लोग मरी मरि जाइ।
सोइ मुए धन संचते सो उबरे जो खाय ॥ ९ ॥
कबिरा संसार की, झूठी माया मोह।
जेहि घर जिता बधावना, तेहि घर तिता अदोह ॥१०॥
स्वामी होना सो रहा, दूरा होना दास।
गाँडर आनी ऊन को, बाँधी चरै कपास ॥ ११ ॥
कलि का स्वामी लोभिया, पीतल धरी खटाइ।
राजा दुआरा त्यों फिरै, ज्यों हरिआई गाइ ॥ १२ ॥
कलि का स्वामी लोभिया, पीतल धरी बधाइ।
देई पैसा ब्याज को, लेखा करता जाइ ॥ १३ ॥
कबिरा इस संसार को, समझाऊँ कै बार।
पूछ जो पकड़े भेड़ का, उतरा चाहे पार ॥ १४ ॥
पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।
एकै आखर पीउ का, पढ़े सो पंडित होय ॥ १५ ॥
एक कनक अरु कामिनी, विषफल किए उपाय।
देखे ही तें विष चढ़ै, खाए सौं मरि जाय ॥ १६ ॥
मूरख संग न कीजिए, लोहा जल न तिराइ
कदली सीप भुजंगमुख, एक बुंद तिहुँ भाइ ॥ १७ ॥

काजल केरी कोठरी, काजल ही का कोट।
बलिहारी ता दास की, रहै राम की ओट॥ १८॥

सन्त न छाँड़े सन्तई, कोटिक मिलैं असन्त।
चन्द भुअंगम बैठिया, सीतलता न तजन्त॥ १९॥

कबिरा साहिब जागिया, और न जागै कोय।
जागै बिषयी बिष भरा, दास बन्दगी होय॥ २०॥

कबिरा हरदी पीयरी, चूना उज्जर भाइ।
राम सनेही यों मिले, दूनौं बरन गँवाइ॥ २१॥

मूवा मूवा क्या करै, कहा सुनावै लोग।
मोड़ा गहि जिन मुरसिदा, सोई पूरन लोग॥ २२॥

जाको जैसा निरमया, ताको तैसा होय।
रती घटै न तिल बढ़ै, जो सिर कूटै कोय॥ २३॥

चन्द मुआ दोनों मुआ, मुआ सकल संसार।
एक कबीरा ना मुआ, जिनके राम अधार॥ २४॥

जो ऊगा सो अथाइहै, फूला सो कुम्हिलाय।
जो चुनिया सो ढहि परै, जो आया सो जाय॥ २५॥

पानी केरा बुदबुदा, ऐसो हमरो जात।
एक दिना छिपि जाहिंगे, तारे ज्यों परभात॥ २६॥

एक अचंभा देखिया, हीरा हाट बिकाय।
परखन हारे बाहिरा, कौड़ी बदले जाय॥ २७॥

लाग पलीता जग दुखी, सुखी न देखा कोय।
जहाँ कबीरा पग धरै, तहँ टुक धीरज होय ॥ २८ ॥

निन्दक दूर न कीजिए, दीजै आदर मान।
निरमल तन मन सब करै, बकि बकि आनहिं आन ॥२९॥

कबिरा घास न निन्दिए, जो पावों तल होय।
ऊड़ि पड़ै जो आँखि में, खरा दुहेला होय ॥ ३० ॥

आपन पौ न सराहिए, और न कहिए रंक।
ना जानौ किस रूख तल, कूड़ा होय करंक ॥ ३१ ॥

सरपै दूध पिलाइए, दूधै विष होय जाय।
ऐसा कोई ना मिला, जो सरपै विष खाय ॥ ३२ ॥

जारौं इहै बड़प्पना, सरसे पेड़ खजूर।
पंथी छाँह न बैठिए, फल लागैं ते दूरि ॥ ३३ ॥

वस्तु कहीं ढूँढे कहीं, केहि विधि आवै हाथ।
कह कबीर तब पाइए, भेदी लीजै साथ ॥ ३४ ॥

द्वार धनी के पड़ि रहै, धका धनी का खाय।
कबहुँ धनी नेवाजई, जो दर छाँड़ि न जाय ॥ ३५ ॥

प्रेम बिना जो भगति है, सो निज डिंभ विचार।
उदर भरन के कारने, जनम गँवायो सार ॥ ३६ ॥

गुरु भगती अति कठिन है, ज्यों खाँड़े की धार।
बिना साँच पहुँचै नहीं, महा कठिन ब्योहार ॥ ३७ ॥

दरस बड़ाई देखि करि, भगति करै संसार।
जब देखै कछु हीनता, औगुन धरै गँवार ॥ ३८ ॥
कबिरा सीप समुद्र की, रटै पियास पियास।
और बूँद को ना गहै, स्वाति बूँद की आस ॥ ३९ ॥
पपिहा का पन देख करि, धीरज रहै न रंच।
मरते दम जल में पड़ा, तऊ न बोरी चंच ॥ ४० ॥
ऊँची जाति पपीहरा, पिये न नीचो नीर।
कै सुरपति को जांचई, कै दुख सहै सरीर ॥ ४१ ॥
सिर राखे सिर जात है, सिर काटे सिर सोय।
जैसे बाती दीप की, कटि उजियारा होय ॥ ४२ ॥
सूरे के सो सिर नहीं, दाता के धन नाहिं।
पतिबरता के तन नहीं, सुरत बसे पिउ माहिं ॥ ४३ ॥
दाता के है धन धरा, सूरे के सिर बीस।
पतिबरता के तन सही, पति राखै जगदीस ॥ ४४ ॥
कबिरा संगति साधु की, ज्यों गंधी का बास।
जो कछु गंधी दे नहीं, तौ भी बास सुबास ॥ ४५ ॥
सुख में सिधे सिल पड़े, नाम हृदय को जाय।
बलिहारी वा दुःख की, पल पल नाम जपाय ॥ ४६ ॥
करनी बिन कथनी कथै, अज्ञानी दिन रात।
कूकर ज्यों भूकत फिरै, सुनी सुनाई बात ॥ ४७ ॥
साखी लाय बचन करि, इत उत अक्षर काटि।
कहै कबीर कब लगि जिये, जूठी पत्तल चाटि ॥ ४८ ॥

यदि सुनि के समझावों मन नहिं बाँधे धीर।
रोवे का संसार पड़ा, यों कह दास कबीर ॥ ४९ ॥

प्रश्न

(१) निम्नलिखित भाषा अशुद्ध [illegible] इनके शुद्ध शब्द लिखो।
(२) [illegible] और [illegible] इन शब्दों का अर्थ लिखो।
(३) कबीर कौन थे [illegible] लिखो।

४—लिखने के साधन

वनचरावस्था से बाहर निकलने का प्रयत्न जिस समय मनुष्य करता है उसे एक नया जन्म सा मिलता है। इस उत्क्रान्ति को शास्त्रवेत्ता वानर से नर अवस्था में आना कहते हैं। इस अवस्था में बुद्धिविकास होता है। बुद्धिविकास से सभ्यता उत्पन्न होती है। सभ्यता को वृद्धिगत करने के लिये विचार विकास और विचार-प्रचार की आवश्यकता होती है। इसी समय भाषा की उत्पत्ति होती है। तदनन्तर मानसिक ग्रन्थों का जन्म होता है। ऐसे ग्रन्थ अति मूल्यवान् समझे जाते हैं। क्योंकि इन्हीं ग्रन्थों में परमेश्वर की अगाध लीला का प्राथमिक वर्णन अंकित होता है। ऐसे ग्रन्थों का कितना सम्मान होता है, इसकी कल्पना करनी हो तो आम्नाय वेदों का स्मरण करना चाहिये। वेदों ने भारतीय पण्डितों को तो प्रेम से पागल किया ही है, परन्तु मैक्स मूलर आदि पाश्चात्य पण्डितों को भी पागल कर डाला है।

मानसिक ग्रन्थों का स्मरण रखना मनुष्य को जिस समय कठिन हो जाता है उस समय वह उन्हें लिखने की चेष्टा करता है। लेखन-कला उत्पन्न होने से लिखित ग्रन्थ उत्पन्न होते हैं। धीरे धीरे पुस्तक-कल्पना व्यक्त होकर पुस्तकें लिखी जाने लगती हैं। पुस्तकलेखन से पुस्तक-संग्रह और पुस्तक-संग्रह से पुस्तकालय उत्पन्न होते हैं।

मानसिक ग्रन्थ मन से उत्पन्न होते हैं। उन्हें कण्ठ करना पड़ता है। यही स्मृति-ग्रन्थ हैं। इनसे स्मरण रक्खे हुए विचारों का प्रचार होता है। इनमें प्राचीन कथायें, कवितायें, पद और गीत आदि होते हैं। पुराने धार्मिक और इन्द्रजालिक मन्त्रतन्त्र तथा पैशाचिक बातें भी इसी तरह के ग्रंथों में समाविष्ट रहती हैं। ये एक विचित्र भाषा में होती हैं। इन्हीं भाषाओं से संसार की मनोरम भाषाओं ने जन्म लिया है। ऐसी भाषाओं का प्रचार-ऐसे स्मृति ग्रंथों का ज्ञान-प्रपितामह से पितामह को, पितामह से पिता को और पिता से पुत्र को हुआ करता था। इससे स्मरण शक्ति बहुत बढ़ती थी। इसी शक्ति की कृपा से हमारे पूर्वजों ने वेद, उपनिषद्, स्मृति आदि ग्रन्थों को हज़ारों वर्ष तक अक्षुण्ण रक्खा। यदि वे ऐसा न करते तो इस समय के अवशिष्ट ग्रन्थ भी कब के लुप्त हो गये होते। स्मृति-ग्रन्थों का प्रचार केवल भारतवासियों ही ने नहीं किया। हिब्रू भाषा के ग्रन्थों का प्रचार भी प्राचीन काल में इसी तरह होता था। ग्रीस

महाकवि होमर के महाकाव्य का बड़ा आदर है। उसका प्रचार श्रवण परम्परा ही से हुआ था। ईसा के ९३६ वर्ष पहले होमर के महाकाव्य इलियड और आडीसी प्रणीत हुये थे। यह महाकवि अन्धा हो गया था। यह अपने काव्य को गाते हुये भ्रमण किया करता था। इन काव्यों को होमर के मुख से सुनकर ही लोगों ने याद कर लिया था। जापानियों के कोजिकी ग्रंथ का प्रचार भी इसी तरह हुआ था। चीन में लेखन और मुद्रण-कला का प्रचार होने के पहले वहाँ के पुराण, नीति, उपदेश और धर्म-ग्रंथों का प्रचार भी स्मृति-पथ से ही हुआ था।

मानसिक ग्रंथों की वृद्धि, होते होते उनका याद रखना कठिन हो गया। इससे उनको लिख रखने की ज़रूरत हुई। पर काग़ज़ पहले था नहीं। इससे पत्थर, शिला, हड्डी, सींग, हाथीदांत, मिट्टी के पक्के पात्र, और ईंट आदि पदार्थों पर ग्रंथ लिखे जाने लगे। भूगर्भ-शास्त्र-वेत्ताओं का मत है कि सबसे पहले पत्थरों और शिलाओं पर हथियारों से खोद कर लोग अपने मन की बात लिखते थे। संसार के कितने ही अति प्राचीन ग्रन्थ चित्रलिपि द्वारा हड्डी, पत्थर और शिला आदि पर लिखे गये हैं। पाठक शायद यह जानना चाहें कि यह चित्रलिपि क्या चीज़ है। यह वह लिपि है जिसमें मनुष्य अपने मन के भाव चित्रों द्वारा व्यक्त करते थे। इस लिपि का एक नमूना आपको बतलाते हैं। अलास्का-प्रान्त में एक इस

तरह का लेख मिला है। उसका संक्षिप्त वर्णन सुनिये—

एक असभ्य मनुष्य मछली का शिकार करने गया था। उसे यह बतलाना था कि मैं नाव से गया था। इसलिये उसने पहले एक मनुष्य का चित्र बनाया। फिर एक और मनुष्य का चित्र बनाकर उसके दोनों हाथों पर एक डाँड़ रख दिया। पहले मनुष्य-चित्र का हाथ दूसरे की तरफ़ उठा कर उसने यह सूचित किया कि इस तरह मैं नाव पर शिकार खेलने गया था। रात को वे दो झोपड़ी वाले एक टापू में सोये। इस बात को उसने इस तरह ज़ाहिर किया। एक मनुष्य का चित्र बनाकर कान पर हाथ लगाया। इससे सोना सूचित हुआ। फिर एक गोल दायरा खींचकर उसके भीतर दो बिन्दु दे दिये। इससे उसने दो झोपड़ों के टापू का ज्ञान कराया। इसके अनन्तर वह एक और टापू में गया। इसे बताने के लिये उसने फिर एक मनुष्याकृति बनाई और उसके आगे एक दायरा खींचा। वहां पर उसे एक और आदमी मिल गया। वे दोनों उस टापू में सोये। अतएव एक हाथ को कान पर रख कर दूसरे हाथ की दो अँगुलियाँ उठा कर उसने इस बात को दिखाया और वैसा ही चित्र भी उसने बनाया। उन दोनों ने मछली मारी। इसके लिए उसने मछली का चित्र बनाया और मनुष्याकृति खोद कर उसकी दो अँगुलियाँ उठाईं। मछली का शिकार इन्होंने धनुष बाण से किया था। अतएव मनुष्य का आकार खींच कर

उसके हाथ में दिया। इसी तरह उसने और भी कई चित्र खोद कर अपने मन का भाव प्रकट किया। इसी का नाम है चित्रलिपि। ईजिप्ट में इस तरह के हज़ारों लेखों का पता लगा है। विद्या की यह एक जुदा शाखा ही होगई है। अनेक विद्वान् इस विषय की योग्यता सम्पादन करने और प्राचीन चित्रलिपि पढ़ने के लिये यथेष्ट परिश्रम करते हैं।

चीनवालों ने इस चित्रलिपि को विशेष उन्नत किया है। जापान, कोरिया और तिब्बत आदि में भी, चीन के सम्पर्क होने के कारण, यह लिपि प्रचलित थी। जापान में इसी तरह की एक और लिपि का प्रचार था। उसे इरोहर कहते हैं। उसका इतिहास बड़ा मनोरञ्जक है। मैं एक साल तक जापान में था उस समय इस विषय की कुछ छान बीन भी मैंने की थी। उससे मेरी यह धारणा हुई है कि जापान के इतिहास का भारत के प्राचीन इतिहास से कुछ न कुछ सम्बन्ध अवश्य था।

अमेरिका के आदिम निवासी, जिन्हें असभ्य इण्डियन कहते हैं, अब तक इस चित्रलिपि का व्यवहार करते हैं।

ईंटों और पत्थरों पर लिखे हुये चित्रलिपिग्रन्थ सब से अधिक मिश्र देश में हैं। कारनाक में पड़े २ खम्भों के ऊपर अनेक शिलालेख अब तक मौजूद हैं। ये ईसा के ४००० वर्ष ... के हैं। इस देश का प्राचीन इतिहास ईंटों के ऊपर चित्रलिपि में लिखा हुआ है। इस ग्रन्थ-भण्डार से स्पष्ट

करने योग्य दूसरे किसी भी देश में शक्ति नहीं है। मिश्रवालों में अद्भुत ग्रन्थ-लेखन-शक्ति थी। इन लोगों को सरस्वती ने इतना पागल कर दिया था कि वृक्ष, पाषाण, पर्वत, ईंट चमड़ा इत्यादि जो कुछ मिला है सब पर इन्होंने लिख मारा है। मिश्रवालों ने पहले पशु-पक्षियों आदि के चित्र खोद कर अपने मन के भाव प्रदर्शित किये। धीरे धीरे जब इन्हें बहुत लिखने की ज़रूरत पड़ने लगी तब यह चित्रलिपि त्रासदायी मालूम होने लगी। अतएव इन लोगों ने उस लिपि का संशोधन करके कुछ सुलभ चिन्ह निर्माण किये। तत्पश्चात् इन्होंने कुछ समय बाद अक्षर बनाये। इन लोगों के बहुत से ग्रन्थ इन तीनों प्रकार की मिश्र-लिपियों में लिखे हुये हैं।

धीरे २ लिपि का विस्तार होने लगा। इस कारण ग्रन्थ-साहित्य की आवश्यकता लोगों को अधिकाधिक मालूम होने लगी। फल यह हुआ कि कुछ दिनों में आसीरिया, ग्रीस आदि देशों में ध्वनि के अनुसार लेखन-प्रणाली का जन्म हुआ। इस समय पत्थरों और ईंटों पर लिखने से लोगों को तकलीफ़ होने लगी। इससे अन्य साधन ढूंढ़ने का प्रयोजन हुआ। तब लोगों ने नरम नरम लकड़ियों के तख़्तों के ऊपर लिखना शुरू किया। बाँस पर लिखने में चीनी लोगों ने बड़ी कुशलता प्राप्त की। बुद्धकालीन अनेक लेख भारतवर्ष में लकड़ी के ऊपर लिखे हुये पाये गये हैं। चीन की तो बात ही नहीं। वहाँ तो ऐसे असंख्य लेख मिलते हैं।

लकड़ी पर लिखने का रवाज भारतवर्ष में अभी तक था। मेरे पितामह पूर्वकालीन विद्योपार्जन की कष्टदायकता के विषय में मुझसे बहुधा बातें किया करते थे। वे कहते थे कि हम लोगों ने तख्ते के ऊपर ईंट का चूर डाल कर बांस की लकड़ी से 'श्रीगणेशाय नमः' से प्रारम्भ करके अन्त तक अध्ययन किया था। मैंने मारवाड़ियों की दुकानों पर रङ्गीन तख्तों पर रङ्ग से लिखने का रवाज बहुत जगह देखा है। यदि साधनों की दुष्प्राप्यता के कारण अब तक यह दशा थी तो पुराने समय की असुविधाओं का क्या पूछना है। अतएव धन्य है उन भारतवर्षीय महात्माओं को जिन्होंने भोजपत्र पर अमूल्य ग्रंथ-रत्न लिख डाले हैं। लकड़ी पर लिखे हुये ग्रन्थ ग्रीस और रोम आदि देशों में भी पाये जाते हैं।

लकड़ी और भोजपत्र के पश्चात् लोगों ने अन्य वृक्षों के पत्तों पर भी लिखना शुरू किया। ताड़पत्र पर भारत में लाखों ग्रन्थ लिखे गये हैं।

जिस समय संसार की सभ्यता इतनी उच्च स्थिति पर पहुंच गई उस समय लेखों का समूह पुस्तकों का रूप धारण करने लगा।

एक बात लिखने को रह गई। वह यह कि भोजपत्र ... लिखने के पहले भारत में तांबे आदि के टुकड़ों पर ... लिखे जाते थे।

भारतवर्ष में सोने और तांबे के पत्रों का प्रचार बहुत पहले से था। वेदों में भी इस बात का उल्लेख है। बुद्धकालीन अनेक लेख तांबे और लोहे पर भी लिखे मिले हैं। तक्षशिला में अनेक ताम्रपत्रों पर लेख पाये गये हैं। भाड़गांव में सुवर्ण पत्रों पर लेख मिले हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि धातु-पत्रों पर लेख लिखने का तरीक़ा भारतवासी आर्यों ने ही निकाला है। भारतवर्ष से ही यह तरीक़ा अन्य देशों में पहुंचा । चीन, जापान आदि देशों में भी धातु पत्रों पर लेख लिखने की प्रणाली थी और अब भी है। ईजिप्ट, आसीरिया ग्रीस आदि पाश्चात्य देशों में भी, किसी समय, धातुपत्रों के ऊपर ग्रन्थ लिखे जाते थे। कुछ विद्वानों का ख़याल है कि भारत ने यह तरीक़ा बाबुल वालों से सीखा था । पर मेरी सम्मति इसके विपरीत है।

पत्थरों, हड्डियों, तांबे और लोहे के पत्रों पर लोग लोहे की शलाकाओं और औज़ारों से अक्षर खोदते थे। यह बड़ी मेहनत का काम था। कुछ लोग यही पेशा करते थे। इससे अभ्यास के कारण वे यह काम बहुत अच्छा और बहुत जल्दी करते थे। कुछ विद्वानों का अनुमान है कि भारतवर्ष में धातु-पत्रों पर लेख उत्कीर्ण करने वाले कारीगर गन्धक तेज़ाब आदि रसायनों का भी उपयोग करते थे। इनके उपयोग से अक्षराङ्कन में विशेष सुभीता होता था।

प्राचीन समय से ही भारत में चित्रकला का प्रचार चला

आता है। सुन्दर रंगों से जैसे चित्र बनाये जाते हैं वैसे ही अक्षर लिखने और उत्कीर्ण करने में भी रंग काम में लाया जाता था। चित्र बनाने में ब्रुश का प्रयोग करना पड़ता है। ब्रुश बनाना भी प्राचीन भारतवासी जानते थे। गिलहरी की पूँछ के बालों से प्रायः ब्रुश बनाये जाते थे। इन ब्रुशों से धीरे धीरे लिखने का भी काम लिया जाने लगा था। परन्तु ब्रुश से लिखने में देर लगती थी। इस कारण लेखनी का जन्म हुआ। क़लम का आदिम रूप ब्रुश ही है।

चीनी और जापानी लोग अब भी ब्रुश से ही लिखते हैं। कुछ दिनों बाद कोयले से तख्ते आदि पर लोग लिखने लगे। तब उन्हें स्याही बनाने की सूझी। पहले कोयले से ही स्याही बनी होगी, उसके बाद और चीज़ों से।

जब से भोजपत्र और ताड़पत्र पर लोग लिखने लगे तब से लेखनकला का विशेष प्रचार हुआ। गोसिंह विहार में भारतवर्ष के अतिप्राचीन कितने ही बुद्धिकालीन ग्रन्थ भोजपत्रपर लिखे हुए पाये गये हैं। इन ग्रन्थों के कुछ अंश पेरिस और सेन्टपिटर्सबर्ग में अब तक रक्खे हैं। ये ग्रन्थ कम से कम १०० वर्ष ईसा के पहले लिखे गये होंगे। इतने प्राचीन होने पर भी ये ग्रन्थ स्याही के लिखे हुये हैं, और स्याही भी अच्छी है। प्राचीनता के कारण भोजपत्र और ताड़पत्र भारतवासियों को .. पूज्य हो गये हैं कि वे अब भी धार्मिक संस्कारों और

धार्मिक प्रसंगों में उसका व्यवहार करते हैं। धर्म ग्रंथ बहुधा इन्हीं पर लिखे जाते हैं।

एक समय था जब चमड़े पर भी पुस्तकें लिखी जाती थीं। विद्वानों का अनुमान है कि किसी समय संसार के सारे प्राचीन देश चमड़े पर लिखा करते थे। भारतवर्ष में भी प्राचीन समय में चमड़े का उपयोग इस काम के लिए होता था। पर "अहिंसा परमो धर्मः" का उपदेश शुरू होने के कारण चमड़े का व्यवहार लिखने के काम में कम होता चला। तथापि व्याघ्र, सिंह, हरिण आदि जानवरों के चमड़े का उपयोग पवित्र कामों में अब भी होता है। परन्तु अपवित्रता के ख़याल से लोग चमड़े का व्यवहार पुस्तक लिखने में करना अब पसन्द नहीं करते। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के पदवी-दान-पत्रों (Diploma) में चमड़े का व्यवहार गवर्नमेन्ट इस समय भी करती है पुस्तकों को जिल्द बाँधने में तो चमड़े का व्यवहार सर्वत्र ही है।

ईजिप्ट देश में प्राचीन काल से चमड़े पर लोग लिखते थे। चमड़े पर लिखने का तरीका वहाँ परगामम् के राजा ने सबसे पहले निकाला। उस राजा की यादगार में उस समय से चमड़े के काग़ज़ को लोग पार्चमेंट (Parchment) कहने लगे। पार्चमेंट की कहानी बड़ी मनोरञ्जक है। उसे थोड़े में मैं सुनाता हूं।

सीरिया देश का सेल्यूकस निकेटर बहुत विख्यात राजा

सभ्यता फैलाई वैसे ही नील नदी के पवित्र तट से यूरोप में सभ्यता फैली। इस नदी के जल में पापिरस नाम की एक वनस्पति पैदा होती थी। इसीसे ईजिप्ट के निवासियों ने काग़ज़ बनाया। ईजिप्ट के अतिप्राचीन ग्रंथ इसी पापिरस काग़ज़ पर हैं। इनका सुप्रसिद्ध पुराण "मृत मनुष्यों का ग्रन्थ" (book of the dead) पापिरस पर ही लिखा हुआ था। यह ग्रन्थ इन लोगों का गरुड़पुराण है। पापिरस काग़ज़ ईजिप्ट ही में बनता था। सम्पूर्ण पश्चिमी वाणिज्य भी इन्हीं लोगों के हाथ में था। इसीसे इन लोगों की इच्छा के विरुद्ध परगामम् में काग़ज़ न पहुंच सका। इस पापिरस (papyrus) से ही अंगरेज़ी शब्द 'पेपर' (paper) बना है।

संसार की सभ्यता की वृद्धि काग़ज़ स्याही और क़लम ने जितनी की है उतनी और किसी वान ने नहीं की। यदि लिखने के ये साधन प्राप्त न होते तो संसार का इतिहास आज कुछ और ही तरह का होता।

('सरस्वती' से) पाण्डुरङ्ग खानखोजे।

प्रश्न

(१) काग़ज़ के आविष्कार का वृत्तान्त लिखो।
(२) पत्थर पर लिखे लेखों का क्या हाल जानते हो ?
(३) अमरीका में लोग प्रथम किस पर लिखते थे ?
(४) क़लम का प्रयोग कैसे हुआ ?
(५) पार्चमेंट के सम्बन्ध में क्या जानते हो ?

९—स्वर्गीय संगीत

[द्रुतविलम्बित]

पुरुष हो, पुरुषार्थ करो, उठो !

पुरुष क्या, पुरुषार्थ हुआ न जो,
हृदय की सब दुर्बलता तजो ।
प्रबल जो तुम में पुरुषार्थ हो—
सुलभ कौन तुम्हें न पदार्थ हो ?
प्रगति के पथ में विचरो, उठो,
पुरुष हो पुरुषार्थ करो, उठो ॥ १ ॥

न पुरुषार्थ बिना कुछ स्वार्थ है,
न पुरुषार्थ बिना परमार्थ है ।
समझ लो, यह बात यथार्थ है—
कि पुरुषार्थ वही पुरुषार्थ है ।
भुवन में सुख शान्ति भरो, उठो,
पुरुष हो, पुरुषार्थ करो, उठो ॥ २ ॥

न पुरुषार्थ बिना वह स्वर्ग है,
न पुरुषार्थ बिना अपवर्ग है ।
न पुरुषत्व बिना क्रियता कहीं,
न पुरुषार्थ बिना प्रियता कहीं ।
सफलता वर-तुल्य वरो, उठो,
पुरुष हो पुरुषार्थ करो, उठो ॥ ३ ॥

न जिसमें कुछ पौरुष हो यहाँ,
सफलता वह पा सकता कहाँ ?
अपुरुषार्थ भयंकर पाप है,
न उसमें यश है, न प्रताप है ।
न कृमि-कीट-समान मरो, अरे,
पुरुष हो पुरुषार्थ करो, उठो ॥ ४ ॥
मनुज जीवन में, जय के लिए,
प्रथम ही दृढ़ पौरुष चाहिए ।
विजय तो पुरुषार्थ बिना कहाँ,
कठिन है चिरजीवन भी यहाँ ।
भय नहीं, भव सिन्धु तरो, अरे,
पुरुष हो पुरुषार्थ करो, उठो ॥ ५ ॥
यदि अनिष्ट अड़ें, अड़ते रहें ।
विपुल विघ्न पड़ें, पड़ते रहें ।
हृदय में पुरुषार्थ रहे भरा,
जलधि क्या, नभ क्या, फिर क्या धरा ?
दृढ़ रहो, ध्रुव धैर्य धरो, अरे,
पुरुष हो, पुरुषार्थ करो, उठो ॥ ६ ॥
यदि अभीष्ट तुम्हें निज स्वत्व है,
प्रिय तुम्हें यदि मान महत्व है ।
यदि तुम्हें रखना निज नाम है,
जगत में करना कुछ काम है ।

मनुज ! तो श्रम से न डरो, उठो;
पुरुष हो, पुरुषार्थ करो, उठो ॥ ७ ॥

प्रकट नित्य करो पुरुषार्थ को;
हृदय से तज दो सब स्वार्थ को ।
यदि कहीं तुमसे परमार्थ हो—
यह विनश्वर देह कृतार्थ हो ।
सदय हो, पर-दुःख हरो, उठो,
पुरुष हो, पुरुषार्थ करो, उठो ॥ ८ ॥

[त्रोटक]

नर हो, न निराश करो मन को ।
कुछ काम करो, कुछ काम करो,
जग में रह के कुछ नाम करो ।
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो !
समझो, जिस में यह व्यर्थ न हो ।
कुछ तो उपयुक्त करो तन को,
नर हो, न निराश करो मन को ॥ १ ॥

सँभलो कि सुयोग न जाय चला,
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला !
समझो जग को न निरा सपना,
पथ आप प्रशस्त करो अपना ।

अखिलेश्वर है अवलम्बन को,
नर हो, न निराश करो मन को ॥ २ ॥
जल-तुल्य निरन्तर शुद्ध रहो,
प्रबलानल ज्यों अनिरुद्ध रहो।
पवनोपम सत्कृतिशील रहो,
अधनीतलवद् धृतशील रहो।
कर लो नभ-सा शुचि जीवन को,
नर हो, न निराश करो मन को ॥ ३ ॥
जब है तुममें सब तत्व यहां,
फिर आ सकता यह सत्व कहां !
तुम सत्व-सुधा-रस पान करो,
उठ के अमरत्व-विधान करो,
दव-रूप रहो भव-कानन को,
नर हो, न निराश करो मन को ॥ ४ ॥
निज गौरव का नित ज्ञान रहे,
"हम भी कुछ हैं"—यह ध्यान रहे।
सब जाय अभी, पर मान रहे,
मरणोत्तर गुञ्जित गान रहे।
कुछ हो, न तजो निज साधन को,
नर हो, न निराश करो मन को ॥ ५ ॥
प्रभु ने तुमको कर दान किये,
सब वाञ्छित वस्तु-विधान किये।

मनुज ! तो श्रम से न डरो, उठो,
पुरुष हो, पुरुषार्थ करो, उठो ॥ ७ ॥

प्रकट नित्य करो पुरुषार्थ को,
हृदय से तज दो सब स्वार्थ को।
यदि कहीं तुमसे परमार्थ हो—
यह विनश्वर देह कृतार्थ हो।
मनुज हो, पर-दुःख हरो, उठो,
पुरुष हो, पुरुषार्थ करो, उठो ॥ ८ ॥

[त्रोटक]

नर हो, न निराश करो मन को।
कुछ काम करो, कुछ काम करो,
जग में रह के कुछ नाम करो।
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो !
समझो, जिस में यह व्यर्थ न हो।
कुछ तो उपयुक्त करो तन को,
नर हो, न निराश करो मन को ॥ ९ ॥

सँभलो कि सुयोग न जाय चला,
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला !
समझो जग को न निरा सपना,
पथ आप प्रशस्त करो अपना।

हुई न यों सु-मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिये,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आप के लिए।
यही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आपही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥ १ ॥
उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ-भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती;
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखण्ड आत्मभाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥ २ ॥
क्षुधार्त रन्तिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,
तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी।
उशीनर-क्षितीश ने स्व-मांस दान भी किया,
सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर-चर्म भी दिया।
अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे?
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥ ३ ॥
सहानुभूति चाहिए, महा विभूति है यही;
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।
विरुद्ध-वाद बुद्ध का दया-प्रवाह में बहा;
विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा?
अहा! वही उदार है परोपकार जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥ ४ ॥

तुम प्राप्त करो उनको न अहो !
फिर है किसका यह दोष कहो !
समझो न अलभ्य किसी धन को,
नर हो न निराश करो मन को ॥ ६ ॥
किस गौरव के तुम योग्य नहीं,
कब, कौन तुम्हें सुख भोग्य नहीं ?
जन हो तुम भी जगदीश्वर के,
(सब है जिसके अपने घर के)
फिर दुर्लभ क्या उसके जन को ?
नर हो, न निराश करो मन को ॥ ७ ॥
करके विधि-वाद न खेद करो,
निज लक्ष्य निरन्तर भेद करो।
बनता बस उद्यम ही विधि है,
मिलता जिससे सुख की निधि है।
समझो धिक निष्क्रिय जीवन को,
नर हो, न निराश करो मन को ॥ ८ ॥

[पञ्चचामर]

वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिये मरे

विचार लो कि मर्त्य हो, न मृत्यु से डरो कभी;
मरो, परन्तु यों मरो कि याद जो करें सभी।

तभी समर्थभाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिये मरे ॥ ८ ॥
—मैथिलीशरण गुप्त ।

प्रश्न

(१) "पुरुष हो पुरुषार्थ करो उठो" इस पद्य का क्या अर्थ है ।
(२) १, ५, और ८ वें पद्य का अर्थ लिखो ।
(३) "नर हो न निराश करो मन को" के दूसरे पद्य के नं० १, ५, ७ पद्यों के अर्थ लिखो ।
(४) अन्तिम पद्य का अर्थ लिखो ।

६—व्यायाम

स्वास्थ्य के लिए भोजन, पानी, वायु आदि की जैसी आवश्यकता है वैसी ही परिश्रम तथा व्यायाम की भी है। प्रत्येक प्राणी को अपने भोज्य पदार्थ संग्रह करने के लिये यथेष्ट अङ्ग-चालना करनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त उनको क्रीड़ा के लिये दौड़ते भागते देखा जाता है। जिसको जानवरों का "कुलेल" कहते हैं। इस विषय में वानर जाति और जीव-जन्तुओं से अधिक तत्पर है। किन्तु शोक का विषय है कि मनुष्य सबसे उच्च श्रेणी का होने पर भी इस कायिक क्रीड़ा के संबन्ध में इतर पशुओं की अपेक्षा भी गया बीता है। इसका कारण यह है कि अधिक विशेषतः काम करने के कारण सबको अपने उदर पूर्ण करने के लिये यथेष्ट अङ्ग चालना नहीं

रहो न भूल के कभी मदान्ध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आप को करो न गर्व चित्त में।
अनाथ कौन है यहाँ त्रिलोकनाथ साथ हैं,
दयालु दीनबन्धु के बड़े विशाल हाथ हैं।
अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥ ५ ॥
अनन्त अन्तरिक्ष में अनन्त देव हैं खड़े,
समक्ष ही स्वबाहु जो बढ़ा रहे बड़े बड़े।
परस्परावलम्ब से उठो तथा बढ़ो सभी,
अभी अमर्त्य अङ्क में अपङ्क हो चढ़ो सभी।
रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिये मरे ॥ ६ ॥
"मनुष्य मात्र बन्धु हैं" यही बड़ा विवेक है,
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं,
परन्तु अन्तरैक्य में प्रमाण भूत वेद हैं।
अनर्थ है कि बन्धु ही न बन्धु की व्यथा हरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥ ७ ॥
चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुये,
विपत्ति विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुये।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पन्थ के सतर्क पन्थ हों सभी।

अब हम प्रधान २ क्रीड़ाओं को संक्षेप से वर्णन करेंगे। मृगया (शिकार) यह मनुष्य जाति का आदि व्यवसाय होने के कारण अत्यन्त चित्ताकर्षक क्रीड़ा है। इसके गुणों के विषय में महाकवि कालिदास भी सहमत हैं। परन्तु यह क्रीड़ा क्रूर है और जन साधारण के हाथ से भी बाहर है।

घुड़दौड़ (अश्वारोहण) भी इसी तरह एक अत्यन्त आमोद-जनक व्यायाम है। परन्तु सब के अधिकार में नहीं।

नाव चलाना तथा तैरना भी जल प्रधान देशों में उपकारी और अनायासलब्ध व्यायाम है। इससे कभी २ मनुष्यों की जीवनरक्षा भी की जा सकती है। मुग्दर बैठक, आदि देशीय तथा डम्बल आदि विदेशीय व्यायाम शरीर का शीघ्र उत्कर्ष साधन करने पर भी प्रायः अकेले के कारण कष्ट साध्य हैं और केवल जीविकार्थी (पेशेदार) मल्लों के लिए उपयोगी है।

व्यायाम खुली हवा में करना चाहिए। अतएव दण्ड, मुग्दर, डम्बल आदि से (जो प्रायः घरों में किये जाते हैं) क्रिकेट, फुटबाल, कुश्ती, कबड्डी आदि अत्युत्तम हैं। कारण न केवल इनके लिये खुला स्थान होना आवश्यक है प्रत्युत एकाधिक मनुष्यों के सम्मेलन होने के कारण ये सुखसाध्य भी होते हैं।

साधारण मनुष्यों के लिये वायुसेवन भी अत्यन्त उपयोगी है, किन्तु घरों भ्रमण के साधन में ५ मिनट की दौड़ या १०, १५ मिनट की शीघ्र गति अधिक उपयोगी होती है।

करना पड़ता। विशेषतः उच्च श्रेणी के मनुष्य केवल मस्तिष्क चालना द्वारा ही अपना जीवन-पालन करते हैं। किन्तु कायिक और मानसिक शक्तियों में साम्य स्थिर रखने के लिए उच्च श्रेणी के मनुष्यों को [illegible] व्यायाम की अधिक आवश्यकता है।

